| | | | |
|---|---|---|---|
| | **सेंट थॉमस स्कूल**<br>**अभ्यास - पत्र 2023-24 विषय कोड -002**<br>**विषय-हिंदी**<br>**समयः 3 घंटे कक्षा: 7 पूर्णांक : 80** | | |
| | खण्ड क | | |
| **प्रश्न 1** | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** | | **5** |
| | **प्रकृति के असंतुलन की दिशा में हम पिछले दो तीन सौ वर्षों के दौरान इतना अधिक बढ़ चुके हैं कि अब पीछे हटना असंभव सा लगता है । जिस गति से हम विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ते रहे हैं इसमें कोई भी व्यवहारिकता प्रतीत नहीं होती क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था है और दैनिक आवश्यकताएं इस गति के साथ जुड़ सी गई है । क्या हमें ज्ञान नहीं है कि जिसे हम अपना आहार समझ रहे हैं वह वस्तुत: हमारा दैनिक विष है जो सामूहिक आत्महत्या की दिशा में हमें लिए जा रहा है । जंगलों को ही लो, यह एक प्रकट सत्य है कि विभिन्न देशों की वन संपत्ति अत्यंत तीव्र गति से क्षीण होती जा रही है । भारत के विभिन्न प्रदेशों विशेषकर पूर्वांचल के राज्यों तराई उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर आदि के जंगल भारी संख्या में काटे जा रहे हैं,खूब अच्छी तरह यह जानते हुए भी जंगलों को काटने का मतलब होगा भूमि का क्षरण करना , बाढो को बढ़ावा देना और मौसम के बदलने में सहायक बनना ।** | | |
| **(क)** | **प्रकृति का संतुलन बिगड़ने की दिशा में अब क्या संभव है ?**<br>**(i) पीछे हटना (ii) आगे बढ़ना (iii) वृक्ष काटना (iv) धरती पर रहना** | | |
| **(ख)** | **दैनिक आहार को विष क्यों कहा गया है ?**<br>**(i) प्रदूषित जल से सींचा गया है (ii) मिलावटी आहार से**<br>**(iii) भोजन सही नहीं पका (iv) हम बासी आहार खाते हैं** | | |
| **(ग)** | **जंगलों के कम होने से क्या हानि है ?**<br>**(i) भूमि क्षरण (ii) प्राकृतिक असंतुलन**<br>**(iii) बाढ़ (iv) उपरोक्त सभी** | | |
| **(घ)** | **किसमें व्यवहारिकता नहीं है ?**<br>**(i) प्रदूषण फैलाने में (ii) जनसंख्या बढ़ाने में**<br>**(iii) प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने में (iv) वनों की कटाई में** | | |
| **(ङ)** | **प्रकृति का संतुलन कितने वर्षों में तेजी से बिगड़ा है ?**<br>**(i) पिछले 100 वर्षों में (ii) पिछले 50 वर्षों में**<br>**(iii) पिछले दो दशक में (iv) पिछले दो- तीन सौ वर्षों में** | | |
| **प्रश्न** 2 | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर किसी एक पद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | | **5** |
| | **चिड़िया को लाख समझाओ,कि पिंजरे के बाहर**<br>**धरती बहुत बड़ी है,निर्मम है, वहाँ हवा में उन्हें** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी ।<br>यू तो बाहर समुद्र है,नदी है, झरना है<br>पर पानी के लिए भटकना है<br>यहाँ कटोरी में भरा जल गुटकना है ।<br>बाहर दाने का टोटा है,यहाँ चुग्गा मोटा है,<br>बाहर बहेलिए का डर है,<br>यहां निर्द्वंद्व कंठ स्वर है। | | |
| (क) | चिड़िया को पिंजरे में किस तरह की सुविधाएँ हैं ?<br>(i) पानी की (ii) दाने की (iii) बहेलिए को डर नहीं (iv) फलदार | | |
| (ख) | पिंजड़े के बाहर चिड़िया को किस का डर है ?<br>(i) बहेलिए का (ii) बिल्ली का (iii) साँप (iv) भेडिए का | | |
| (ग) | ' निर्मम शब्द में कौन- सा उपसर्ग है ?<br>(i) निर (ii) निर् (iii) नि (iv) नि: | | |
| (घ) | ' नदी ' का पर्यायवाची क्या है ?<br>(i) सुधा (ii) सिंधु (iii) सरिता (iv) ताल | | |
| (ङ) | पिंजड़े के बाहर चिड़िया को क्या नहीं मिलेगा ?<br>(i) हवा (ii) पानी<br>(iii) अपने जिस्म की गंध (iv) दाना | | |
| | खण्ड ख (व्यवहारिक व्याकरण) | | |
| प्रश्न 3 | निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - | | |
| (क) | पेड़ के ऊपर पक्षी बैठे हैं । (संबंधबोधक शब्द छाँटिए) | | 1 |
| (ख) | रमेश और सुरेश बाजार जाते हैं । (उचित समुच्चयबोधक शब्द छाँटिए) | | 1 |
| (ग) | दादाजी सुबह घूमने जाते हैं । (क्रियाविशेषण शब्द छाँटिए) | | 1 |
| (घ) | रवि ----- खेल रहा है । (उचित स्थानवाचक शब्द भरिए) | | 1 |
| (ङ) | काश !___________ (विस्मयादिबोधक शब्द का वाक्य बनाइए) | | 1 |
| (च) | बात का धनी (मुहावरे का अर्थ लिखिए) | | 1 |
| (छ) | हाथ धो बैठना (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए) | | 1 |
| (ज) | (i) क्योकी (ii) स्वाभीमानि (शब्दों को शुद्ध करके लिखिए) | | 1 |
| (झ) | मेरी माताजी विद्वान है । (वाक्य को शुद्ध करके लिखिए) | | 1 |
| (ञ) | वाक्य के कितने भेद हैं ? | | 1 |
| (ट) | (i) आय (ii) सौभाग्य (विलोम शब्द लिखिए) | | 1 |
| (ठ) | अविकारी शब्द के भेदों के नाम लिखिए । | | 2 |
| (ड) | (i) पवन (ii) मनुष्य (दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ) | | 1 |
| (ढ) | गीता सोती है । (क्रिया का भेद लिखिए ) | | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ण) | राम को पुरस्कार-----\| (मिलना) (क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य पूरा कीजिए) | | 1 |
| (त) | मैं खुद ही चला जाऊँगा \| (सर्वनाम का भेद लिखिए) | | 2 |
| (थ) | पंखा मेज पर रखा है \| (कारक का भेद लिखिए ) | | 1 |
| (द) | बिल्ली छत---- नीचे कूद गई \| (उचित कारक चिह्न भरिए) | | 1 |
| | खण्ड ग (पाठ्यपुस्तक) | | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- | | 5 |
| | ये 1845 से 1846 तक काफी सक्रिय रहे और गुप्त ढंग से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाते रहे। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले को अपनी गुप्त बैठकों की योजना के लिए चुना। सोनपुर के मेले को एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है। यह हाथियों के संग्राम की योजना क्रय-विक्रय के लिए भी विख्यात है। इसी ऐतिहासिक मेले में उन दिनों स्वाधीनता के लिए लोग एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे। | | |
| (क) | यहाँ 'वे' का प्रयोग हुआ है-<br>(i) तात्या टोपे के लिए (ii) मंगल पांडे के लिए<br>(iii) वीर कुँवर सिंह के लिए (iv) राव तुलाराम के लिए | | |
| (ख) | उन्होंने किस काम के लिए सोनपुर को चुना ?<br>(i) लड़ाई के लिए पशु खरीदने हेतु (ii) उन्नत प्रजाति की हाथियों को खरीदने हेतु<br>(iii) अंग्रेज़ों के विरुद्ध योजना बनाने हेतु (iv) भारतीय सैनिकों को एकत्र करने हेतु | | |
| (ग) | इस काम के लिए उनके द्वारा सोनपुर मेले को क्यों चुना जाता था ?<br>(i) पूर्णिमा का शुभ अवसर होने के कारण<br>(ii) अधिक लोगों के बीच पहचान छिपाने के लिए<br>(iii) यहाँ विद्रोहियों को सरलता से देखा जा सकता था<br>(iv) यहाँ अंग्रेज़ों को आसानी से पहचाना जा सकता था | | |
| (घ) | सोनपुर का मेला किस राज्य में आयोजित किया जाता है ?<br>(i) उत्तर प्रदेश (ii) बिहार (iii) मध्य प्रदेश (iv) छत्तीसगढ़ | | |
| (ङ) | 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है ?<br>(i) इक (ii) सिक (iii) असिक (iv) क | | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए \| | | 5 |
| | मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,<br>एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा \|<br>आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,<br>एक तिनका आँख में मेरी पड़ा \| | | |
| (क) | 'एक तिनका' कविता के रचयिता इनमें से कौन हैं?<br>(i) शिवमंगल सिंह सुमन (ii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iii) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (iv) रहीम | | |
| (ख) | कवि घमंड में ऐंठा हुआ खड़ा था-<br>(i) दुकान पर (ii) मुंडेर पर (iii) मैदान में (iv) उपवन | | |
| (ग) | तिनका कहाँ से उड़कर आया था ?<br>(i) पास से (ii) पैरों के तले से (iii) छत से (iv) बहुत दूर से पास से | | |
| (घ) | तिनका किसकी आँख में आ गिरा ?<br>(i) कवि की आँख में (ii) कवि की नाक में (iii) कवि की हथेली पर(iv) कवि की बगल में | | |
| (ङ) | तिनका आँख में गिरने पर कवि की क्या दशा हुई ?<br>(i) उसकी घबराहट बढ़ गई (ii) उसकी आँख लाल हो गई<br>(iii) उसकी आँख में पीड़ा होने लगी (iv) उपर्युक्त सभी | | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए \| | | 5 |
| (क) | मेरठ में विद्रोह करने के बाद भारतीय सैनिक कहाँ चले गए ? | | |
| (ख) | धनराज पिल्लै ने किस उम्र में जूनियर राष्ट्रीय हॉकी खेली ? | | |
| (ग) | नीलकंठ पंखों को मंडलाकार बनाकर कब नाचता था ? | | |
| (घ) | अंग्रेज़ों के जमाने में ब्रेड कहाँ तक सीमित थी ? | | |
| (ङ) | लोगों ने वह तिनका कैसे निकाला ? | | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए - | | 8 |
| (क) | तिनके वाली घटना से कवि क्या समझ गया ? | | |
| (ख) | खानपान की नयी संस्कृति में राष्ट्रीय एकता के बीज मिलते हैं कैसे ? | | |
| (ग) | वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था ? | | |
| (घ) | सोनपुर के मेले की विशेषताओं का वर्णन करें \| | | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | | |
| (क) | हम खानपान से एक दूसरे को कैसे जानते हैं ? ' | | 3 |
| (ख) | लेखक को नीलकंठ की कौन-सी चेष्टाएँ बहुत भाती थी ? | | 3 |
| (ग) | सावन 'सुहावन' क्यों बन गया है ? | | 3 |
| (घ) | धनराज की तुनक मिजाजी के क्या कारण हैं ? | | 3 |
| प्रश्न 9 | निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए - | | 5 |
| (क) | 'धनराज पिल्लै कुशल खिलाड़ी होने के साथ-साथ अच्छे इन्सान भी थे \|' स्पष्ट कीजिए \| | | |
| (ख) | सावन महीने की विशेषताएँ लिखिए \| | | |
| | खण्ड घ (पत्र-अनुच्छेद) | | |
| प्रश्न 10 | खेलों के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए \| | | 5 |
| | या | | |
| | परिश्रम का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए \| | | |
| प्रश्न 11 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए \| | | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **देश विदेश की सैर** | | |
| | **परोपकार** | | |
| | **आदर्श विद्यार्थी** | | |